
बीते 34 माह में कांग्रेस के 5 साल से ज्यादा विकास कार्य हुए : राठौड़

पूर्ववर्ती सरकार की तुलना में कृषि, शिक्षा, सड़क और ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में 2 से 4 गुना तक काम का दावा किया भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने

जयपुर (कासं)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के पांच वर्ष और वर्तमान भजनलाल सरकार के 34 माह के कार्यकाल की तुलना करते हुए कहा कि विकास के हर क्षेत्र में भाजपा सरकार ने कांग्रेस से अधिक काम किया है। कई क्षेत्रों में तो 34 माह में दो से चार गुना तक उपलब्धियां हासिल की गई हैं। उन्होंने कांग्रेस नेताओं को चुनौती देते हुए कहा कि बहस करनी है तो आंकड़ों के आधार पर विधानसभा में करें, कोरी बयानबाजी नहीं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सदन में चर्चा के लिए सदैव तैयार हैं।



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़

राठौड़ ने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण के क्षेत्र में कांग्रेस सरकार ने पांच वर्ष में 52,182 हेक्टेयर सिंचाई सुविधा विकसित की, जबकि वर्तमान सरकार ने 34 माह में 1,42,000 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई। पाइपलाइन अनुदान योजना में कांग्रेस के पांच वर्ष में 91,582 किसानों को लाभ मिला, जबकि भाजपा सरकार ने 98,753 किसानों को लाभान्वित किया। खेत तलाई निर्माण में कांग्रेस ने 29,430 कार्य करवाए, जबकि वर्तमान सरकार ने 35,893 कार्य करवाए।

> ■ मदन राठौड़ ने कहा कि, ''कांग्रेस के नेता सदन में आंकड़ों के आधार पर बहस करें''

उन्होंने बताया कि फार्म पॉन्ड निर्माण के लिए कांग्रेस ने पांच वर्ष में 202 करोड़ रुपए का अनुदान दिया, जबकि भाजपा सरकार ने 369 करोड़ रुपए दिए। खेतों की तारबंदी में कांग्रेस के 113 लाख मीटर के मुकाबले भाजपा सरकार ने 445 लाख मीटर तारबंदी करवाई। इसके लिए अनुदान राशि भी 113 करोड़ से बढ़ाकर 511 करोड़ रुपए की गई। ड्रिप एवं मिनी स्प्रिंकलर संयंत्रों से कांग्रेस ने 1.83 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर किया था, जबकि वर्तमान सरकार ने 3.10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सुविधा उपलब्ध कराई। इन पर 1304 करोड़ रुपए का अनुदान दिया गया, जबकि कांग्रेस ने 842 करोड़ रुपए दिए थे। शेडनेट हाउस निर्माण में भी भाजपा सरकार ने 10.91 लाख वर्गमीटर कार्य करवाया, जबकि कांग्रेस के कार्यकाल में यह 8.60 लाख वर्गमीटर था। सोलर पंप सेट स्थापना में कांग्रेस के 63,140 के मुकाबले भाजपा सरकार ने 67,408 सोलर पंप लगाए।

राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस सरकार के पांच वर्ष में विद्यार्थियों को एक भी लैपटॉप या टैबलेट नहीं दिया गया, जबकि भाजपा सरकार ने 34 माह में 88,724 विद्यार्थियों को लैपटॉप दिए। महाविद्यालय भवन निर्माण में कांग्रेस के 57 भवनों के मुकाबले वर्तमान सरकार ने 229 भवनों का निर्माण करवाया। पॉलिटेक्निक कॉलेजों के मामले में कांग्रेस के पांच के मुकाबले भाजपा सरकार ने 21 कॉलेजों का कार्य किया। संस्कृत महाविद्यालयों में भी तीन के मुकाबले 17 महाविद्यालयों का कार्य हुआ। प्रधानमंत्री आवास योजना में कांग्रेस ने 5 वर्ष में 77,950 नवीन स्वीकृतियां जारी की थीं, जबकि वर्तमान सरकार ने 1.25 लाख स्वीकृतियां जारी कीं। सड़क निर्माण में कांग्रेस के 13,160 किलोमीटर के मुकाबले भाजपा सरकार ने 18,917 किलोमीटर नई सड़कें बनवाईं। गांवों को सड़क संपर्क से जोड़ने में कांग्रेस के 1104 गांवों की तुलना में भाजपा सरकार ने 1707 गांव जोड़े। मिसिंग लिंक सड़कों के निर्माण में भी 6614 किलोमीटर के मुकाबले 10030 किलोमीटर कार्य करवाया। बिजली उत्पादन क्षमता में कांग्रेस ने पांच वर्ष में 3952 मेगावाट वृद्धि की, जबकि भजनलाल सरकार ने 34 माह में 10920 मेगावाट की वृद्धि की। सौर ऊर्जा क्षमता में 28303 मेगावाट क्षमता विकसित की, 400 केवी के 2 सब स्टेशन निर्माण कराया।

गैस बिल अपडेट करने के नाम पर महिला से 4.44 लाख रुपए ठगे

जयपुर। विद्याधर नगर इलाके में टोरेंट गैस का बिल अपडेट करने का झांसा देकर 58 वर्षीय महिला से 4 लाख 44 हजार 207 रुपए की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने मोबाइल पर व्हाट्सएप मैसेज भेजकर गैस कनेक्शन काटने की धमकी दी। इसके बाद बिल अपडेट कराने के नाम पर लिंक भेजकर एक ऐप डाउनलोड करवाया। ऐप डाउनलोड करते ही महिला के बैंक खाते से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन होने लगे और अलग-अलग लेन-देन में पूरी रकम निकाल ली गई। पीड़िता की शिकायत पर विद्याधर नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी एएसआई देवीलाल ने बताया कि विद्याधर नगर सेक्टर-6 निवासी शकुन्तला रानी (58) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि 1 नवंबर को उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप मैसेज आया। इसमें लिखा था कि टोरेंट गैस का बिल अपडेट करवाने के लिए दिए गए मोबाइल नंबर पर मिस्टर राकेश मिश्रा से संपर्क करें, अन्यथा उनका गैस कनेक्शन हटा दिया जाएगा। मैसेज देखकर महिला ने अगले दिन शाम दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया। बातचीत के दौरान सामने वाले व्यक्ति ने टोरेंट गैस का बिल अपडेट करने की बात कहकर ऐप का लिंक भेजा और उसे डाउनलोड करने के लिए कहा। एप डाउनलोड करते ही महिला के मोबाइल पर बैंक खाते से रुपए निकलने के ट्रांजेक्शन मैसेज आने लगे।

जयपुर-दिल्ली हाईवे हादसे में तीसरे मृतक की पहचान हुई

परिवार का इकलौता सहारा था मृतक देवी सिंह

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। जयपुर-दिल्ली हाईवे पर शुक्रवार को हुए भीषण सड़क हादसे में जान गंवाने वाले तीसरे व्यक्ति की पहचान अजमेर जिले के नसीराबाद क्षेत्र के धोलादाता गांव निवासी देवी सिंह रावत (48) के रूप में हुई है। शनिवार को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। देवी सिंह परिवार में इकलौते कमाने वाले थे। उनके पीछे पत्नी व 4 छोटे बच्चे हैं।

> ■ इस हादसे में जिस ट्रेलर की टक्कर से तीन लोगों की मौत हुई, उसके खिलाफ 4 राज्यों में यातायात नियमों के उल्लंघन के 12 चालान

मृतक देवी सिंह के भतीजे नरसिंह रावत ने बताया कि वह तेजाब की गाड़ी चलाते थे। परिवार में पत्नी सेठा देवी, बेटा मनीष (16) और तीन बेटियां प्रियंका (13), आरती (12) व रवीना (10) हैं। चारों बच्चे गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं। शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे देवी सिंह धोलादाता गांव से लोहा मंडी में गाड़ी खाली करने के लिए निकले थे। हादसे ने परिवार का इकलौता आर्थिक सहारा छीन लिया।

ओवरस्पीड ट्रेलर पहले इको कार से टकराया था

मुरलीपुरा थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील ने बताया कि पुलिस ने हादसे में शामिल ट्रोला जब्त कर लिया है। आरोपी चालक सुमन कुमार ने पूछताछ में बताया कि तेज रफ्तार के कारण उसे कट दिखाई नहीं दिया। उसने पहले इको कार को टक्कर मारी। इसके बाद ट्रेलर के स्टेयरिंग से नियंत्रण खो गया और वह सर्विस लेन पर उतरकर दुकानों में जा घुसा। इस दौरान रास्ते में कई वाहनों और लोगों को चपेट में ले लिया।

चार राज्यों में 12 चालान, फिर भी वैध थे दस्तावेज

हादसे में शामिल नागालैंड के कोहिमा आरटीओ में पंजीकृत कमर्शियल मल्टी एक्सल ट्रेलर (एनएल-01-एच-6175) के खिलाफ राजस्थान सहित चार राज्यों में यातायात नियमों के उल्लंघन के 12 चालान दर्ज हैं। रिकॉर्ड में ओवरलोडिंग, गलत लेन में वाहन चलाने, खतरनाक ड्राइविंग और सुरक्षा मानकों की अनदेखी जैसे मामले सामने आए हैं। हरियाणा, बिहार और मध्य प्रदेश में भी इस वाहन के चालान काटे गए थे। केएम ट्रांस लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पंजीकृत ट्रेलर का रजिस्ट्रेशन, नेशनल परमिट और फिटनेस प्रमाण पत्र वैध हैं। इसके बावजूद वाहन के खिलाफ अलग-अलग राज्यों में नियमों के उल्लंघन की कार्रवाई हुई थी। चालानों में अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक उपचार पेटी और रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप की कमी जैसी खामियां भी दर्ज हैं।

रायपुर से गार्डर लेकर आया था ट्रेलर

जिस ट्रेलर से हादसा हुआ, उसका ड्राईवर रायपुर से लोहे के गार्डर लेकर जयपुर आया था। झोटवाड़ा स्थित फैक्ट्री में गार्डर खाली करने के बाद वह दौलतपुरा टोल रोड होते हुए दूदू जा रहा था। इसी दौरान मुरलीपुरा थाना क्षेत्र में रोड नंबर-14 स्थित अनाज मंडी के पीछे गेट के सामने यह भीषण हादसा हो गया।

डोटासरा ने कानून व्यवस्था और प्रसूताओं की मौत पर राज्य सरकार को घेरा

पीसीसी अध्यक्ष ने पंचायत चुनाव के बाद प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने शनिवार को मीडिया से बातचीत करते हुए प्रदेश की कानून व्यवस्था और प्रसूताओं की मौत पर राज्य सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि राजस्थान में मंत्रियों की अधिकारी नहीं सुन रहे, जनता के काम अटके हुए हैं, जयपुर में गैंगस्टर खुलेआम धमकियां दे रहे हैं, जबकि सचिवालय में कामकाज प्रभावित है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी या तो भ्रष्टाचार में लिप्त हैं या फिर भय के कारण जायज काम करने से भी बच रहे हैं। प्रदेश में बेरोजगार परेशान हैं।

शिखर अग्रवाल मामले को लेकर डोटासरा ने कहा कि अशोक गहलोत सहित कई नेता और मीडिया, मुख्यमंत्री से सवाल कर चुके हैं कि उनकी सहमति से मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी ने फाइल किस आधार पर चलाई। इसमें कितने लोग निर्धारित मापदंडों पर खरे उतरे और इसके बदले क्या-क्या लिया गया? मुख्यमंत्री को सामने आकर जवाब देना चाहिए। उन्होंने भाजपा नेताओ पर भ्रष्टाचार में डूबे होने का आरोप लगाया।

प्रदेश में प्रसूताओं की मौत के मामलों में एम्स की रिपोर्ट का हवाला देते हुए डोटासरा ने कहा कि यह रिपोर्ट प्रदेश सरकार के कुशासन पर धब्बा है। अस्पताल में लोग स्वस्थ होने की उम्मीद से आते हैं, लेकिन उन्हें शव बनकर घर लौटना पड़ रहा है। प्रसूताएं नई जिंदगी को जन्म देने अस्पताल पहुंचती हैं, लेकिन बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं के कारण उनकी जान जा रही है।

उन्होंने चेतावनी दी कि पंचायत चुनाव के परिणाम के बाद बिगड़ती कानून व्यवस्था और प्रसूताओं की मौत के मामलों को लेकर कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी। डोटासरा ने दावा किया कि इस बार पंचायत चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की ओर से जनप्रतिनिधियों को पकड़ने और बाड़बंदी करने के निर्देश दिए जा रहे हैं तथा पुलिस का दुरुपयोग किया जा रहा है। सरकार को शिक्षा, युवाओं की भर्ती, अस्पतालों में दवाइयों की उपलब्धता और किसानों को राहत देने की चिंता नहीं है। डोटासरा ने भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ के कलमा पढ़ने के मामले पर भी टिप्पणी की। उन्होंने भाजपा नेताओं की कथनी और करनी में अंतर बताते हुए कहा कि बाहर सनातनी होने और मुस्लिमों को टिकट नहीं देने की बात करते हैं, लेकिन जब अपने बेटे और बहू की बात आती है तो मस्जिद भी जाते हैं, कलमा भी पढ़ते हैं और ईद पर गले भी मिलते हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस में राजेंद्र राठौड़ की कोई जरूरत नहीं है। पढ़ी हुई किताबों को कौन पढ़ेगा, बाजार में नई किताब आ चुकी है।

शादी समारोह में पानी की बोतल फेंकने पर रिश्तेदारों में खूनी संघर्ष

जयपुर। सुभाष चौक थाना क्षेत्र के पन्नीगरान इलाके में शुक्रवार रात शादी समारोह के दौरान पानी की बोतल फेंकने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी ने मारपीट का रूप ले लिया। इस दौरान एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के युवक पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में तनवीर के सिर में चोट आई। खास बात यह है कि झगड़ा करने वाले दोनों पक्ष आपस में रिश्तेदार हैं।

थानाधिकारी भरत लाल मीणा ने बताया कि पन्नीगरान इलाके में शादी समारोह के दौरान दावत चल रही थी। इसी दौरान पानी की बोतल फेंकने की बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने हो गए और जमकर मारपीट हुई। आरोप है कि इसी दौरान एक युवक ने तनवीर के सिर पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। वहीं इस घटना के बाद दोनों पक्षों के लोग सुभाष चौक थाने पहुंच गए। यहां दोनों पक्षों के लोग अपने चेहरे छिपाते नजर आए। पुलिस ने घायल तनवीर को मेडिकल जांच के लिए भेजा। वहीं दूसरे पक्ष के सतार और उसके बेटे को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों का मेडिकल परीक्षण करवाया। थानाधिकारी ने बताया कि जुनैद अहमद की ओर से रिपोर्ट दी गई है कि उसके भाई के साथ सतार और उसके बेटों ने मारपीट की। इस रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से भी जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों को पाबंद करने की कार्रवाई के तहत हिरासत में लिया है। फिलहाल दोनों पक्षों पर मुकदमे दर्ज हुए है।

मुख्यमंत्री भजनलाल ने जवाहर सर्किल पर आमजन के साथ मॉर्निंग वॉक की

उन्होंने बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं से संवाद किया, समस्याएं सुनी एवं सुझाव भी लिए



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार सुबह जब जवाहर सर्किल पर मॉर्निंग वॉक पर पहुंचे तो वहां मौजूद शहरवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने अभिवादन स्वीकार करते हुए उनसे संवाद किया।

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को जयपुर के जवाहर सर्किल में आमजन के साथ मॉर्निंग वॉक की। उन्होंने प्रात: भ्रमण कर रहे बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं से आत्मीय मुलाकात कर उनका अभिवादन स्वीकार किया और विभिन्न विषयों पर संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं एवं सुझाव भी लिए।

> ■ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री के ''फिट इंडिया'' अभियान को स्वस्थ एवं सशक्त भारत का आधार बताया

मुख्यमंत्री ने बच्चों से उनकी शिक्षा एवं दिनचर्या की जानकारी लेते हुए स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित किया और उन्हें चॉकलेट भी वितरित की। मॉर्निंग वॉक के दौरान उन्होंने मंदिर में दर्शन कर प्रदेश की सुख, समृद्धि शांति और खुशहाली के लिए कामना की। मुख्यमंत्री ने आमजन के साथ छाछ पीकर स्वस्थ खान-पान अपनाने एवं स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित कर 'वोकल फॉर लोकल' अभियान में भागीदारी निभाने का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का फिट इंडिया अभियान स्वस्थ एवं सशक्त भारत के निर्माण का आधार है। जब हम शारीरिक रूप से स्वस्थ होंगे, तो हमारी कार्यक्षमता बढ़ेगी और हम अपने कार्यों को अधिक ऊर्जा एवं उत्साह के साथ कर सकेंगे। साथ ही, उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने आमजन से अपने आसपास गंदगी नहीं होने देने तथा कहीं भी गंदगी दिखाई देने पर प्रशासन को सूचित कर अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का आव्हान किया।

उन्होंने आमजन से नियमित व्यायाम, योगाभ्यास एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर मॉर्निंग वॉकर्स में भी काफी उत्साह देखने को मिला एवं उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी भी ली। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

सार-समाचार

'13 लाख नल कनेक्शन भी नहीं दे सके'

जयपुर। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने जल जीवन मिशन में भाजपा सरकार के प्रदर्शन पर सवाल उठाते हुए कहा कि, भाजपा सरकार ने अपने दो बजट में 45 लाख नल कनेक्शन देने की घोषणा की थी, लेकिन अब तक 13 लाख कनेक्शन भी नहीं दे पाई। वहीं, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में ही 13 लाख 88 हजार 472 नल कनेक्शन दिए थे। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के दावों के बावजूद प्रदेश के करीब 44 लाख परिवार आज भी नल से जल मिलने का इंतजार कर रहे हैं, जबकि देश में जल जीवन मिशन का औसत कवरेज लगभग 80 प्रतिशत से अधिक पहुंच चुका है।

'नशे के दबाव में दोस्तों को ''ना'' कहें'

जयपुर। केंद्र सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' अभियान के तहत मानसरोवर स्थित इंडिया इंटरनेशनल स्कूल में 'फिट यूथ-एडिक्शन फ्री यूथ' विषय पर जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई। रोटरी क्लब के सहयोग से हुए इस कार्यक्रम में 400 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता डॉ. रमेश गांधी ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव बताते हुए दोस्तों के दबाव में नशे से दूर रहने और आत्मविश्वास के साथ 'ना' कहने की सीख दी। उन्होंने सचिन तेंदुलकर और विनोद कांबली का उदाहरण देते हुए बताया कि प्रतिभा के साथ अनुशासन भी सफलता के लिए जरूरी है। प्रधानाचार्य निधि मिश्रा ने डॉ. गांधी को आमंत्रित किया तथा उपप्राचार्य निधि जोधा ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर राजस्थान में रोटरी क्लब की पर्यावरण एवं स्वास्थ्य देखभाल समिति के अध्यक्ष राजकुमार बाफना भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने जीवनभर नशे से दूर रहने की शपथ ली।

सड़क हादसों के दिवंगतों को श्रद्धांजलि आज

जयपुर। सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति में 15 नवंबर को विश्व सड़क दुर्घटना पीड़ित स्मृति दिवस (वर्ल्ड डे ऑफ रिमेम्ब्रेंस) मनाया जाएगा। इस अवसर पर जयपुर के जवाहर कला केंद्र में 20 स्कूलों के करीब 350 बच्चे अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से सड़क हादसों के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देंगे। संयुक्त राष्ट्र की ओर से हर साल नवंबर के तीसरे रविवार को यह दिवस मनाया जाता है। राजस्थान की राजधानी में सड़क सुरक्षा और यातायात के क्षेत्र में पिछले 25 वर्षों से अग्रणी भूमिका निभा रही संस्था स्माइल फाउंडेशन की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें विभिन्न स्कूलों के छात्र, कलाकार और शिक्षक भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों को याद करने के साथ आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में बच्चे गीत, रैप संगीत, थिएटर, संवाद और चित्रकला के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश देंगे। आयोजकों का मानना है कि यह दिन नीति-निर्माताओं और वाहन चालकों दोनों को यातायात नियमों के पालन की जिम्मेदारी याद दिलाने का अवसर है। यातायात नियमों का पालन कर भविष्य में होने वाली अनमोल जिंदगियों की क्षति और परिवारों की पीड़ा को रोका जा सकता है।

पंचायत चुनाव के अंतिम चरण में जयपुर में 71.81 प्रतिशत मतदान

चार पंचायत समितियों में 4.07 लाख में से 2.92 लाख लोगों ने वोट डाले

जयपुर। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत जयपुर जिले में चतुर्थ एवं अंतिम चरण में शनिवार को बस्सी, तूंगा, जमवारामगढ और आंधी पंचायत समितियों में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। चारों पंचायत समितियों के 82 पंचायत समिति निर्वाचन क्षेत्रों तथा जिला परिषद के 13 निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 71.81 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इनमें तूंगा में सर्वाधिक 72.77 प्रतिशत और आंधी में सबसे कम 70.12 प्रतिशत मतदान हुआ।



जिला निर्वाचन अधिकारी संदेश नायक ने शनिवार को दिनभर जिले के कई मतदान केन्द्रों पर जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर संदेश नायक ने दिनभर चारों पंचायत समितियों के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर मतदान व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने खोखावाला, भांगड कला सहित विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा मतदान कार्मिकों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने मतदाताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं, मतदान प्रक्रिया के संचालन और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की पालना का जायजा लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चारों पंचायत समितियों एवं जिला परिषद के संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 4 लाख 7 हजार 280 मतदाता पंजीकृत थे। इनमें से 2 लाख 92 हजार 452 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पंचायत समिति वार आंकडों के अनुसार आंधी में 91 हजार 16 में से 63 हजार 817 (70.12 प्रतिशत), बस्सी में 1 लाख 29 हजार 159 में से 93 हजार 462 (72.36 प्रतिशत), जमवारामगढ में 1 लाख 22 हजार 890 में से 88 हजार 444 (71.97 प्रतिशत) तथा तूंगा में 64 हजार 215 में से 46 हजार 729 मतदाताओं ने मतदान किया। समयवार आंकड़ों के अनुसार सुबह 10 बजे तक 15.25 प्रतिशत, दोपहर 1 बजे तक 34.56 प्रतिशत और शाम 6 बजे तक 70.60 प्रतिशत मतदान हुआ। अंतिम आंकड़ों में मतदान प्रतिशत बढ़कर 71.81 हो गया। चारों पंचायत समितियों में पंच एवं सरपंच पदों के लिए 15 नवंबर को सुबह 8 से 11 बजे तक नामांकन होंगे। इन पदों के लिए 16 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान समाप्ति के तुरंत बाद संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मतगणना होगी। उपसरपंच का चुनाव 17 नवंबर को कराया जाएगा। वहीं, सभी चरणों के जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों की मतगणना 20 नवंबर को सुबह 8 बजे से होगी।

सीकर रोड सड़क हादसे पर उपमुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

जयपुर। जयपुर-सीकर रोड पर 14 नंबर स्थित अनाज मंडी रोड पर हुए भीषण सड़क हादसे को लेकर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी गंभीर नजर आई। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने हादसे पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। निर्देशों के बाद आज नेशनल हाईवे, पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया और हादसे से जुड़े हालात को समझते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लापरवाही नहीं होनी चाहिए और हादसों की रोकथाम के लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय से उचित कार्रवाई करें। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय अधिकारी, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक, यातायात निरीक्षक , जिला परिवहन अधिकारी और जयपुर विकास प्राधिकरण, जोन-बी के उपायुक्त मौजूद रहे ।

पं. नेहरू के योगदान को षड्यंत्र से भुलाया नहीं जा सकता : डोटासरा

जयपुर। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा सहित प्रदेश पदाधिकारियों, विधायकों, विधायक प्रत्याशियों तथा जयपुर शहर एवं देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारियों और कांग्रेसजनों ने नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की।

डोटासरा ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश की आजादी के लिए लगभग 10 वर्ष जेल में बिताए और सम्पन्न परिवार से होने के बावजूद सब कुछ त्यागकर स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान दिया। आजादी के समय देश में बुनियादी सुविधाओं और औद्योगिक ढांचे का अभाव था। ऐसे समय में प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, कल-कारखानों और आधारभूत सुविधाओं के विकास की मजबूत नींव रखी। आईआईटी, एम्स, भाखड़ा बांध और बड़े औद्योगिक संस्थान उनके दूरदर्शी प्रयासों के उदाहरण हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में प्रधानमंत्री और भाजपा पंडित नेहरू तथा उनके कार्यों की आलोचना कर उनके योगदान को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि देश के विकास में उनके योगदान की अमिट छाप है। कांग्रेस कार्यकर्ता पंडित नेहरू और महात्मा गांधी के दिखाए मार्ग पर चलकर उनके सपनों को साकार करने के लिए काम करते रहेंगे। डोटासरा ने कहा कि केंद्र में जब कांग्रेस सरकार थी तब, किसानों का 72 हजार करोड़ रुपए का ऋण माफ किया, जबकि राजस्थान में कांग्रेस सरकार ने 14 हजार करोड़ रुपए का किसान ऋण माफ किया था। डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार ने देश के प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की नीति बनाई थी।